# दिल्ली विधान सभा

## समाचार भाग-1

**(कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)**

## मंगलवार, 16 अप्रैल, 2002/चैत्र, 26, 1924(शक)

**संख्या:81**

**1.** **प्रश्न काल:**

तारांकित प्रश्न संख्या 247 से 250पूछे गए और उनके मौखिक उत्तर दिये गए। तारांकित प्रश्न संख्या 251से 266 ( 258 के अलावा ) तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 113 से 127 ( 125 के अलावा ) के उत्तर सदन पटल पर रखे गए।

**2. 3.05 बजे** **सदन पटल पर प्रस्तुत किये गये कागजात**

डॉ. डॉ. ए के वालिया स्वास्थ्य ,शहरी विकास एवं भूमि व भवन मंत्री ने दिल्ली खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम 2002 की प्रति सदन पटल पर रखी।

**3.06 बजे** **विपक्षी सदस्यों द्वारा बर्हिगमन**

श्री नन्द किशोर गर्ग और डॉ. जगदीश मुखी ने जानना चाहा कि श्री दीप चन्द बन्धु की अध्यक्षता में गठित सदन की समिति का प्रतिवेदन , जैसा कि समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था, सदन में प्रस्तुत न किये जाने के क्या कारण हैं। माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को सूचित किया कि समिति के विचार -विमर्श से संबंधित मामले सदन में नहीं उठाए जा सकते और उनसे अपने कक्ष (चैम्बर) में मिलने का अनुरोध किया। भाजपा के सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हुए और विरोधस्वरूप सदन से बर्हिगमन किया।

**3. 3.07 बजे** **विशेष उल्लेख**

निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 287 के अंतर्गत विशेष उल्लेख के मामले उठाए :-

1. चौ. शीश पाल
2. श्री नन्द किशोर गर्ग
3. श्री पूर्ण चन्द योगी
4. श्री नसीब सिंह
5. श्री मोहन सिंह बिष्ट
6. श्री अमरीश सिंह गौतम
7. डॉ. जगदीश मुखी (स्वास्थ्य मंत्री ने हस्तक्षेप किया)
8. श्री हरशरण सिंह बल्ली (स्वास्थ्य मंत्री ने हस्तक्षेप किया)
9. डॉ. (श्रीमती) किरण वालिया
10. श्री नरेश गौड़ (समाज कल्याण मंत्री ने हस्तक्षेप किया)
11. श्री ब्रह्म सिंह तंवर
12. श्री वीर सिंह

4. 3.38 बजे

**विधेयक पर विचार एवं पारित करना**

(1.) **डॉ.ए.के.वालिया,**स्वास्थ्य,शहरी विकास एवं भूमि एवं भवन मंत्री ने प्रस्ताव किया कि दिल्ली नगर निगम संशोधन विधेयक,2002 (2002 का विधेयक संख्या-6) पर विचार किया जाये ।

प्रस्ताव स्वीकार किये जाने पर विधेयक को खण्डवार विचार हेतु लिया गया।

उसके बाद मंत्री ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को पारित किया जाये ।

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा स्वीकार हुआ।

(2.) **श्री महेन्द्र सिंह साथी,**वित्त मंत्री ने प्रस्ताव किया कि दिल्ली बिक्री कर संशोधन विधेयक,2002 (2002 का विधेयक संख्या-7) पर विचार किया जाये ।

प्रस्ताव स्वीकार किये जाने पर विधेयक को खण्डवार विचार हेतु लिया गया।

उसके बाद मंत्री ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को पारित किया जाये ।

प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा स्वीकार हुआ।

5. 3.50 बजे

**अल्पकालिक चर्चा :**

श्री अरविन्दर सिंह लवली ने दिल्ली के स्कूलों में शिक्षा का गिरता स्तर तथा कर्मचारियों व पाठ्य सामग्री आदि के अभाव से उत्पन्न स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा प्रारम्भ की ।

4.02 बजे

**सदन जलपान के लिए स्थगित हुआ।**

4.40 बजे

**सदन पुनः समवेत हुआ।**

(अल्पकालिक चर्चा पर वाद-विवाद जारी )

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

1. श्रीमती किरण चौधरी
2. डॉ. हर्षवर्धन
3. डॉ. (श्रीमती ) किरण वालिया
4. श्रीमती मीरा भारद्वाज
5. श्री नन्द किशोर गर्ग
6. श्री राम सिंह नेताजी

समाज कल्याण मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

5.46 बजे

**सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुआ।**

**(राष्ट्र गान- जन गण मन)**

**दिल्ली,**
16.04.02

**एस के शर्मा**
**सचिव**

# DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY

## BULLETIN PART – I
**(Brief record of proceedings)**

## Tuesday, 16th April, 2002/ Chaitra 26, 1924 (Saka)

No.81

1 **2.00 PM** **Question Hour:**
Starred Questions 247-250 were asked and replied.
Replies to Starred Questions 251- 266 (except 258) and Unstarred Questions 113-127 (Except 125) were laid on the Table.

2 **3.05 PM** **Papers laid on the Table:**
The Minister of Health and Urban Development laid on the Table a copy of the 'Delhi Prevention of Food Adulteration Rules, 2002.'

**3.06** **Walkout by Members of the Opposition:**
Shri Nand Kishore Garg and Dr. Jagdish Mukhi sought to know the reasons for not presenting the Report of the House Committee headed by Shri Deep Chand Bandhu, as had been decided by the Committee in its meeting. The Chair informed the Member that matters regarding deliberations of the Committee could not be raised in the House and requested them to meet him in his Chamber. Not satisfied the BJP Members staged a walkout as a mark of protest.

3 **3.07 PM** **Special Mention (Rule 287):**
The following Members raised matters Under Rule 287:

1. Ch. Shishpal
2. Shri Nand Kishore Garg
3. Shri Puran Chand Yogi
4. Shri Naseeb Singh
5. Shri Mohan Singh Bisht
6. Shri Amrish Singh Gautam
7. Dr. Jagdish Mukhi (Minister of Health intervened)
8. Shri Harsharan Singh Balli (Minister of Health intervened)
9. Dr. (Smt) Kiran Walia
10. Shri Naresh Gaur (Minister of Social Welfare intervened)
11. Shri Brahm Singh Tanwar
12. Shri Veer Singh

4 **3.38 PM** **Consideration and Passing of Bills:**

1. The Minister of Health and Urban Development moved that, "The Delhi Municipal Corporation (Amendment) Bill, 2002, (Bill No.6 of 2002) be taken into consideration.

The Motion having been adopted, the Bill was taken for clause-by-clause consideration.
The Minister thereafter moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted.

2. The Minister of Finance, moved that the, 'The Delhi Sales Tax (Amendment) Bill, 2002'(Bill No.7 of 2002) be taken into consideration.

The Motion having been adopted, the Bill was taken for clause-by-clause consideration.
The Minister thereafter moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted.

5 **3.50 PM** **Short Duration Discussion:**
Shri Arvinder Singh Lovely initiated discussion on the shortage of teachers, staff, teaching aids etc. in Government Schools and falling standard of Education in Delhi.

**4.02 PM** **House adjourned for tea break.**

**4.40 PM** **House reassembled.**
(Debate on Short duration Discussion continued)
The following Members participated:

1. Smt. Kiran Choudhary
2. Dr. Harsh Vardhan
3. Dr. (Smt) Kiran Walia
4. Smt. Meera Bhardwaj
5. Shri Nand Kishore Garg
6. Shri Ram Singh Netaji

The Minister of Social Welfare replied.

**5.46 PM** **The House was adjourned *sine-die*.**
**(National Anthem JAN GAN MAN)**

**DELHI**
**16th April, 2002**

**SK SHARMA**
**SECRETARY**